हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 सुखीपाली जंगल में ट्रैक्टर से लकड़ी …



12 काव्य संग्रह, लेख से समाज को सही दिशा प्रदान करते…





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टैक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

## हर-हर महादेव के जयकारों से दिनभर गूंजा शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के पहले सोमवार को सुबह से भगवान महादेव की पूजा-अर्चना करने अंचल के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सभी शिवालयों में लोग शिव भक्ति के रंग में रंग गये एवं बोल बम, हर हर महादेव के जयकार करते हुए जलाभिषेक कर सुख और सौभाग्य की कामना की गई। शिव भक्ति का महीना सावन वैसे तो शुक्रवार से शुरू हो गया है, लेकिन सावन के पहले सोमवार पर भक्तों की आस्था चरम पर रही। सावन के पहले सोमवार के चलते शिवालयों में विशेष तैयारियां की गई। भक्त माह भर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही पहले दिन सोमवार पर आयुष्मान योग भी बना। सुख-सौभाग्य की प्राप्ति के लिए सावन मास में शिव भक्ति का विशेष महत्व है। वैसे तो पूरे माहभर शिवभक्ति की जाएगी, लेकिन सोमवार के दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के इस माह में प्रकृति की हरियाली अपने चरम पर होती है। वेद-शास्त्रों में इस माह को श्रद्धा, भक्ति का माह कहा गया है। मंदिरों में सावन महीने के लिए पहले से ही तैयारी कर ली गई। पखवाड़े भर पहले से ही साफ-सफाई और पुताई का सिलसिला शुरू हो गया था। सावन के पहले ही मंदिरों में रंग-रोगन का काम पूरा किया गया। महीने भर देवालयों में भक्तों का जमघट लगा रहेगा। सावन महीने में रूद्राभिषेक व महामृत्युंजय का जाप भी किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि सावन मास में पांच तत्व एक हो जाते हैं। धरती, आकाश, वायु, जल और अग्नि के मिलन से प्रकृति आनंदित हो जाती है। यह महाकाल के रुद्राभिषेक का भी उत्तम अवसर होता है। शिवजी सुख और सौभाग्य के प्रतीक हैं। इसलिए सौभाग्य की प्राप्ति और भय व विषाद से मुक्ति के लिए शिवजी की आराधना की जाती है। सोमवार को शिवपूजन का विशेष महत्व होता है।

■ सावन के पहले सोमवार को शिव की भक्ति में डूबे लोग, दिनभर चलता रहा पूजा पाठ का दौर



### प्रतिदिन हो रहा रुद्राभिषेक एवं गंगा आरती

बम्हनी के बह्मनेश्वर नाथ महादेव और सिरपुर के गंधेश्वर महादेव समेत कनेकेरा, दलदली व अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिरों में विशेष श्रावणी पूजा की जा रही है। मंदिर के सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन यहां श्रावणी पूजा की जा रही है। मुख्य यजमान होरीलाल पांडेय के अलावा प्रतिदिन अन्य यजमान भी पूजन विधान में शामिल हो रहे हैं। इसी तरह सिरपुर मंदिर में सावन के प्रथम दिन से ही श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंच रहे हैं। दोपहर में रूद्राभिषेक के बाद गंधेश्वर नाथ की दिव्य आरती में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में पति-पत्नी घायल, अस्पताल में भर्ती

**महासमुंद**। निजी काम से तुमगांव जा रहे गोबरा नवापारा निवासी एक दंपत्ति कार की टक्कर से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर निवासी महावीर तारक पिता गोपाल तारक (25 वर्ष) एवं उसकी पत्नी बरखा तारक पति महावीर तारक (24 वर्ष) 12 जुलाई को निजी कार्य से तुमगांव गए थे। जहां से काम होने के पश्चात वे वापस अपने घर उमरपोटी वापस जा रहे थे। इसी दौरान घोड़ारी के दुबे ढाबा के पास पहुंचने पर आर्टिगा कार क्र सीजी 06 एचए 4057 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दोनों मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गये। जिससे युवक के सिर, चेहरा, भुजा एवं शरीर के अन्य हिस्सो में एवं उसकी पत्नी बरखा तारक के जांघ, कमर एवं अंदरूनी चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मवेशियों को ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वाले तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वालों पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान तीन मवेशियों को छुड़ाया गया। पुलिस ने बताया कि 13 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा इंट्रा पिकअप क्रमांक ओडी 08 डब्लू 6555 के डाला में अवैध रूप से पशु लोड कर नीला तिरपाल ढक कर कत्लखाना ओडिशा राज्य में विक्रय हेतु ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस नेबागबाहरा रोड फिंगेश्वर मोड़ के पास ग्राम लभराखुर्द पहुंचकर वाहन को रोका गया। वाहन में तीन व्यक्ति बैठे मिले। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम मनोज कुमार सुना पिता धनमत सुना (30 वर्ष) मागुपला थाना केसिंगा जिला कालाहांडी (ओडिशा), हेमसागर पुड़ पिता विसभ्र पुड़ (50 वर्ष) वार्ड नंबर 05 डीमनभाडी थाना टिटलागढ जिला बलांगीर (ओडिशा) तथा हरि यादव पिता लखन यादव (उम्र 24 वर्ष) वार्ड नंबर 05 डीमनभाडी थाना टिटलागढ़ जिला बलांगीर (ओडिशा) का रहने वाला बताए। इसके बाद वाहन के डाला में ढंके तिरपाल को हटाकर तलाशी लेने पर उसके अंदर तीन नग भैंस कीमत 60000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में संदेहियों के विरूद्ध अपराध धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने शराब पीने-पिलाने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम झालपाली के गुलाल भास्कर पिता तुलाराम भास्कर (60 साल) के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### विडंबना : शहर सहित जिले के गोठान और कांजी हाउस बने शो-पीस

## गोठान व कांजी हाउस खाली सड़क पर मवेशियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर सहित जिले के गोठान और कांजी हाउस शो-पीस बनकर रह गए हैं। सड़क पर यत्र तत्र मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा। हाईवे सहित शहर इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। रात में वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी होती है। कई मवेशी भी दुर्घटना के भी शिकार हो जा रहे हैं। इसके बाद भी न तो पशुपालकों पर कार्रवाई हो रही है और न ही धरपकड़ अभियान चल रहा।

अधिकांश पंचायतों में गोठान का निर्माण कराया गया, जो अब दयनीय स्थिति में है। गोठान में बने शेड सहित खाद रखने के कक्ष सब क्षतिग्रस्त हुए पड़े है। इधर मवेशी सड़क पर डेरा डाल रहे हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में लोगों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। जिले में कुल 551 गौठान हैं, जिनमें से 469 राजस्व ग्रामों में और 86 आवर्ती चराई भूमि पर हैं इन गौठानों को ग्रामीण आजीविका केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा था और 17 आदर्श गोठान भी बनाए गए थे। जिले में 225 गोठानों को चिन्हांकित किया गया था जहां गोबर खरीदी की जा रही थी, गोठानो में मवेशियों के लिए चारागाह, शेड के अलावा कमरे व टैंक आदि तैयार कराए गए। इस पर अलग-अलग मद से मोटी रकम खर्च की गई। गोठानों में मवेशियों को रखा जा रहा था। किसान मवेशियों से फसल को होने वाले नुकसान को लेकर निश्चिंत थे। गोठानो में लोगों की आवाजाही बनी रहती थी। अब गोठान वीरान नजर आने लगे हैं। मवेशियों ने सड़क पर डेरा डालना शुरू कर दिया है। नेशनल हाइवे व राजमार्ग के अलावा कई ऐसी सड़क हैं, जहां शाम ढलते ही मवेशियों का कब्जा हो जाता है। रात के अंधेरे में मवेशियों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में न सिर्फ वाहन सवार बल्कि मवेशी भी हताहत हो रहे हैं। ऐसे में गोठानों का उपयोग कर मवेशियों को सुरक्षित तो रखा जा सकता है, साथ ही आए दिन होने वाले हादसे पर भी अंकुश लगाया जा सकता है।





**गांव-गांव के गोठान हो गए शो-पीस**

कांग्रेस की सरकार में बनाए गए गोठान शो-पीस हो गए हैं। इस पर अब तक वर्तमान बीजेपी सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाई है। गोठान पर खाद का निर्माण नहीं हो रहा है। मल्टी एक्टिविटी सेंटर बंद पड़े हैं। गौवंशीय पशु भी नहीं रखे जाते हैं। जिले में कुल 3 लाख 62 हजार गौ वंशी पशु हैं। वर्तमान में मवेशियों ने फोरलेन को अड्डा बना लिया है। दो-तीन किमी के अंतराल में सड़क पर मवेशी बैठे दिख जाएंगे। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है। क्योंकि, वाहन चालकों को मवेशी नजर नहीं आते। जब नजर आते हैं, तब हड़बड़ाहट में दुर्घटना होने से बाल-बाल बच जाते हैं।

### एनएच 53 में मवेशी हो रहे दुर्घटना के शिकार

मिली जानकारी के अनुसार झलप क्षेत्र में जानवर खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं एवं एनएच 53 में आ रहे गाड़ियों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, पिछले 1 हफ्ते से रोजाना एक्सीडेंट हो रहा है जिसमें 5 मवेशियों मौत की हो चुकी है।

## डीजल चोरी की घटनाएं बढ़ी अब तक 7 ट्रकों से 900 लीटर डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगतार डीजल चोरी की घटना सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक कुल 7 ट्रकों से 900 लीटर डीजल की चोरी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किया जा चुका है। इन घटनाओं को देखकर लगता है कि इन चोरों को कानून का किसी प्रकार से कोई भय नहीं है, रात में लोगों के सामने ही उन्हें डरा धमकाकर उनकी गाड़ियों से डीजल की चोरी की जा रही है। वहीं इस मामले में अभी तक किसी प्रकार का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

बताया जा रहा है कि एक सफेद कलर की स्कार्पियों में कुछ लोग इस घटना को अंजाम दे रहे हैं। इन दिनों अलग-अलग क्षेत्रो में यह घटना हो रही हैं। पहले घरों से गहनों एवं नगदी रकम की चोरी हो रही थी लेकिन अब ट्रकों से डीजल चोरी करने के मामले कुछ दिनों से लगातार आ रहे हैं। पहले आवास के नाम पर लूट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, अब डरा धमकाकर ट्रकों से डीजल निकाल रहे हैं। क्षेत्र में ऐसी घटनाओं से लग रहा है की चोर बेखौफ हो गए है। ट्रकों में हो रही डीजल चोरी की घटनाओं से ड्रायवरों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

**केस 1**

सरायपाली में फिर एक ट्रक से डीजल चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रक ड्रायवर जगन्नाथ यादव एवं पंकज कुमार पुलिस को बताया है कि 6 से 7 जुलाई 2025 के मध्य 3 बजे से 4:00 बजे के बीच एक सफेद स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 बीके 9196 के चालक एवं अन्य 2-3 व्यक्तियों के द्वारा ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी वाय 9774 के डीजल टंकी को तोड़कर टंकी के अंदर से 300 लीटर डीजल कीमती 30,000 रुपए को चोरी कर ले गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 303(3), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया हैं।

**केस 2**

वहीं पटेवा थाना क्षेत्र में भी इन डीजल चोरो की सक्रियता दिखाई दी है, यहाँ भी सफेद कलर की स्कार्पियो में डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वृंदावन कालोनी ग्राम पंचायत झलप में रहने वाले विवेक पटेल ने पुलिस को बताया है कि घर के सामने से उनकी 6 हाईवा ट्रक से करीब 600 लीटर के डीजल की चोरी कर ली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## फुट ओवरब्रिज निरस्त हो और फाटक रहे यथावत खुला : येतराम साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के तुमगांव मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग में फुट ओवर ब्रिज बनने के साथ रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने की सुगबुगाहट पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर स्थानीय और आसपास की रहवासियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए उक्त रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किए जाने की मांग रखी।

साहू ने पत्र में कहा है कि की 40 प्रतिशत आबादी रेल्वे फाटक के उस पार निवासरत है, रेलवे फाटक से



दिव्यांग, गरीब, मजदूर, विद्यार्थी, दैनिक मजदूरी करने वाले, ठेले व रिक्शा वाले पैदल व सायकल के माध्यम से आना-जाना करते है। पूर्व में वर्ष 2023 में केंद्र सरकार के सहयोग के चलते आरओबी प्रारंभ होने के पश्चात पुनः रेलवे फाटक को यथावत खोला गया तथा भविष्य में उक्त फाटक को कभी भी बंद नही करने आश्वस्त किया गया था। जिसके बाद उक्त मार्ग पर सुचारू रूप से आवागमन जारी है। वर्तमान में पुनः उक्त फाटक को बंद कर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। रेलवे फाटक के इस ओर के व्यक्तियों या अन्य किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की फूट ओव्हर ब्रिज की मांग नहीं की गई है, तथा वर्तमान में फुट ओवरब्रिज की किसी को कोई आवश्यकता नही है। रेलवे ओवरब्रिज मात्र 150 फीट दूर होने के कारण उक्त फुट ओवरब्रिज की कोई आवश्यकता नही है। जिलाध्यक्ष साहू ने फुट ओवर ब्रिज के प्रस्तावित निर्माण पर रोक लगाते हुए रेलवे फाटक को यथावत खुला रखने की मांग की है।

### अवैध अतिक्रमण पर प्रशासनिक कार्रवाई, खैरा में शासकीय भूमि को कराया गया मुक्त



**महासमुंद**। ग्राम पंचायत खैरा में ग्राम सभा के प्रस्ताव पर सोमवार को शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार महासमुंद जुगल पटेल एवं मोहित अमिला के नेतृत्व में यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के सरपंच प्रांशु चंद्राकर, राजस्व विभाग तथा पंचगण एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुई। तहसीलदार ने बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि जैसे आंगनबाड़ी मैदान, तालाब पार, गौठान, (बड़े झाड़.के जंगल) और अन्य शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा तीन-तीन बार नोटिस दिया गया। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। अत: उक्त भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। इस कार्रवाई में सरपंच, पंचगण, हल्का पटवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। तहसीलदार पटेल ने इस दौरान ग्रामीणों को आशवस्त किया कि ग्राम पंचायत के मंशानुरूप अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धान उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश, सड़क मरम्मत के भी निर्देश

## कलेक्टर ने किया पिथौरा संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान के भंडारण, सुरक्षा, परिवहन और उठाव की स्थिति का जायजा लेने सोमवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पिथौरा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे धान की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि धान भीगने या खराब होने की स्थिति में संभावित नुकसान को रोकना सुनिश्चित करें। मौके पर डीएमओ राठौर ने बताया कि यहां कुल 2 लाख 53 हजार क्विंटल धान का भंडारण किया गया है। जिसमें 50 हजार क्विंटल धान का डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है, इस पर कलेक्टर ने संबंधित परिवहन एजेंसी और फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस धान का तत्काल उठाव प्रारंभ किया जाए और परिवहन में किसी भी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति देखते हुए कहा कि बरसात में कीचड़ और जलभराव से उठाव कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सड़क की मरम्मत मुरूम या गिट्टी से शीघ्र की जाए। कलेक्टर ने गोदामों की साफ-सफाई, तिरपाल व्यवस्था, नमी नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाए और उठाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस उठाव की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ राठौर एवं नान के अधिकारी उपस्थित रहे।



## पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक आज

**महासमुंद**। संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों एवं आपत्तियां वाले पेंशन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यालय से संबंधित पेंशन प्रकरण जिसमें संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा दस्तावेजों की कमियों के कारण (रेगुलर केस/रिवाइज्ड केस) आपत्ति लगाई गई है। उन प्रकरणों में नियमानुसार आपत्ति, दस्तावेजों की कमियों को पूर्ति कर प्रकरण पुनः प्रेषित करें। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन भुगतान आदेश जारी किए जा चुके हैं किन्तु विभागीय जानकारी के अभाव में पेंशन प्रकरण कोषालय स्तर पर लंबित है उक्त प्रकरणों में जानकारी पूर्ण कर पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी दो माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण यथाशीघ्र तैयार कर शासन के मंशानुरूप संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को प्रेषित किए जाने कहा गया है। समय सीमा बैठक में उक्त पेशन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी वस्तु स्थिति की जानकारी 15 जुलाई तक जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। विभाग से संबंधित पेंशन प्रकरण / आपत्तिकृत पेंशन प्रकरण आभार पोर्टल पर प्रदर्शित है। आभार पोर्टल का अवलोकन कर नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करेंगें। निराकरण में किसी भी प्रकार की समस्या एवं दिक्कत होने पर जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद से सम्पर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सहकार भारती की बैठक आज

**धमतरी।** आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रुद्री धमतरी में 15 जुलाई को दोपहर 1 बजे सहकार भारती कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकार से समृद्धि, सहकारिकता के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने हेतु विभिन्न कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की जायेगी। बैठक में कनीराम नंदेश्वर प्रदेश महामंत्री सहकार भारती छग , लखनलाल गुरुपंच सहकार भारती प्रदेश कार्यसमिति छग, दयाराम साहू प्रदेश मंत्री सरकार भारती छग, हिरेंद्र साहू जिला अध्यक्ष सरकार भारती छग एवं सहकारिता के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### श्रम पंजीयन शिविर 16 से 29 तक

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 से 29 जुलाई तक जिले के मगरलोड विकासखण्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई को ग्राम भोथीडीह, 19 जुलाई को करेली बड़ी, 22 जुलाई को हसदा, 26 जुलाई को कुण्डेल और 29 जुलाई को करेली छोटी में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आईटीआई भटगांव में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 से

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धमतरी (भटगांव) में सत्र 2025-26 और 2025-27 के लिए व्यवसाय फीटर, विद्युतकार, कोपा और वेल्डर में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा लोक सेवा केन्द्र द्वारा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिशनस डाट नीक डाट इन के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# डायलिसिस सेंटर के उद्घाटन करने पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





एनसीसी अस्पताल झलप के डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के मुख्य अतिथि एवं स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, ग्राम पंचायत झलप के सरपंच राकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश पटेल एवं जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सीटू सलूजा उपस्थित थे।

एनसीसी अस्पताल की डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण अतिथियों ने पूजा अर्चना कर किया एवं डायलिसिस मशीन उसकी प्रक्रिया एवं डायलिसिस में मरीजों को मिलने वाली सरकारी सहायता की जानकारी ली। हॉस्पिटल आगमन पर एनसीसी अस्पताल के संचालक एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि किरण देव ने इस अवसर पर गुरुद्वारा हाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ का पहला डायलिसिस सेंटर है, जो ग्राम पंचायत स्तर पर प्रारंभ हो रहा है। इसके प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी, जिनको रायपुर महासमुंद जाकर डायलिसिस हेतु महीने में हजारों रुपए खर्च करते थे जिसमें उनको राहत मिलेगी। खास कर गरीब किसान परिवार इससे ज्यादा लाभान्वित होंगे।

देव ने आगे कहा कि चोपड़ा परिवार का उपक्रम अनुकरणीय है जो उनके पिता स्व नेमीचंद चोपड़ा एवं माता स्वर्ग छोटी भाई चोपड़ा की स्मृति में प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने एनसीसी हॉस्पिटल के संचालक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा व उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि मैं प्रदेश सरकार की ओर से मैं उनका आभारी हूं कि वो प्रदेश की गरीब जनता को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रदेश सरकार का सहयोग कर रहे हैं। प्रदेश सरकार का भरसक प्रयास है कि जिला स्तर के साथ साथ ब्लाक स्तर पर डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 35 से 55 प्रतिशत की सब्सिडी नए हॉस्पिटल के निर्माण व संचालन के लिए दे रही है। जिससे आने वाले समय में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आने की उम्मीद है।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने झलपवासियों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी हॉस्पिटल के माध्यम से पहले भी अच्छी सेवाएं मिल रही थी अब उसमे एक और नया अध्याय जुड़ रहा है। झलप क्षेत्र में डायलिसिस की सुविधा अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की सफलता और उससे मिलने वाले लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। हॉस्पिटल के संचालक व पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने अपने संबोधन में झलप क्षेत्र की जनता से मिले आशीर्वाद के लिए चोपड़ा परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवाभावना के साथ 2021 में शिवरात्रि के दिन प्रारंभ एनसीसी हॉस्पिटल लगातार क्षेत्रवासियों की सेवा में लगा है। बड़े हॉस्पिटल को रिफर किये जाने वाले मरीजों को उचित दर पर उचित इलाज के साथ ही एनसीसी हॉस्पिटल में सस्ता इलाज हो, इसकी चिंता रहती है। कोविड काल में सेवा का रिकार्ड स्थापित करने के साथ ही अब एनसीसी हॉस्पिटल में निःशुल्क डायलिसिस सेवा प्रारंभ कर क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हम तत्पर है।

डॉ चोपड़ा ने बार क्षेत्र के सुरेश प्रधान का उल्लेख करते हुए कहा कि घोर जंगल क्षेत्र के मरीजों को बिना स्वार्थ उचित स्थान पर ले जाते हैं, इस कार्य के लिए उन्होंने प्रधान का अतिथियों द्वारा सम्मान भी कराया। इसके पूर्व कार्यक्रम के दौरान चोपड़ा परिवार के संपत चोपड़ा, मोहन चोपड़ा, किशोर चोपड़ा, डॉ ज्योति चोपड़ा, डॉ स्मित चोपड़ा, रतन चोपड़ा, हीरा चोपड़ा एवं शास्वत चोपड़ा ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन निर्मल नायक तथा आभार प्रदर्शन शम्मी सलूजा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मोती साहू, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, सागर साहू, गोलू चंद्राकर, ललिता अग्रवाल, धनेश शुक्ला, धरम पटेल, सुनील पटेल, महेंद्र सिका, देवा नायक, दिनेश्वर साहू, धरमदास साहू, यमुना ठाकुर, कुलदीप छाबड़ा, त्रिलोक सलूजा, हनी गंभीर, कमल कौशिक, सुनील निषाद, किशन कोसरिया, लोकनाथ पटेल, ताराचंद पटेल, संतु यादव, वीर सिंह निषाद, टीकाराम पटेल, ईश्वर सेन, ईश्वर पटेल, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, माखन पटेल, महेंद्र जैन, कीर्ति बघेल, महेश देवांगन, लाला निषाद, गोपी ध्रुव, राजकुमार गांधी, देवेंद्र ठाकुर, रमन ठाकुर, ललित पटेल, गेंदराम दीवान, राधेश्याम पटेल, नवरतन ध्रुव, भुवन साहू, भोज राम ध्रुव, गजेंद्र पटेल, गुमान कुमार, अंगद ठाकुर, द्वारिका सिंह, कृपाराम ठाकुर, देवलाल यादव, इमरान हुसैन, सुकालू बघेल, जगमोहन ठाकुर, खेमराज साहू, जगमोहन साहू, चूड़ामणि डड़सेना, सतीश मारकंडे, उमेश डड़सेना, हेमंत डड़सेना, पुरुषोत्तम साहू, नूतन नायक, यशवंत साहू, नारायण यादव, आशीष गुप्ता, अतुल गुप्ता, दुर्गेश ध्रुवंशी, जितेंद्र सेन, दुकाला साहू, ललिता ध्रुव, कुमारी नायक, मुकेश्वरी साहू, सीमा सेन, उर्मिला साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

# सरायपाली क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में शॉर्टेज और अनियमितता का मामला विधानसभा में गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



विधायक चातुरी नंद ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में शॉर्टेज और अनियमितता के मामले की जानकारी विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ली।

विधायक चातुरी नंद के तारांकित प्रश्न के लिखित जवाब में सहकारिता मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 48 उपार्जन केंद्रों में 2, 89, 896.60 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 48 उपार्जन केंद्रों में से 18 उपार्जन केंद्रों का अंतिम लेखा मिलान पूर्ण हो चुका है, जिसमें धान की शार्टेज निरंक है, शेष 30 उपार्जन केंद्रों में अंतिम लेखा मिलान प्रक्रियाधीन है, मिलान का कार्य पूर्ण होने पर ही धान की शार्टेज की वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सकेगी।

विधायक चातुरी नंद ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान खपाने अथवा अन्य गड़बड़ियां एवं शिकायत के संबंध में मंत्री ने अपने लिखित जवाब में बताया कि नूनपानी, रिसेकेला, सिगहबहाल, केना और जंगल बेड़ा में शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच जारी है। नूनपानी, रिसेकेला और केना में एफआईआर दर्ज की गई है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि कुछ केंद्रों के प्रभारियों को बचाने का षड़यंत्र किया जा रहा है, जिसके चलते कई केंद्रों में गड़बड़ी के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

मानसून सत्र के दौरान विधायक चातुरी नंद ने प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के दौरान अतिशेष शिक्षकों में गड़बड़ी की शिकायत, छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के मानदेय भुगतान, राजस्व निरीक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी सहित कई मुद्दों को विधानसभा में उठाया। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद तेजतर्रार विधायक के रूप में जानी जाती है और जनहित के मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाते रही है। इस मानसून सत्र में भी उनके द्वारा सदन में किसानों, युवाओं से लेकर आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा है।



### शिवसेना के स्थापना दिवस पर मरीजों को बांटे फल व बिस्कुट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के (41वां वर्ष) स्थापना दिवस पर प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार व प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में शिवसैनिकों ने जिला अस्पताल में180 मरीजों को फल व बिस्कुट वितरण किया गया। स्थापना दिवस को लेकर शिवसैनिकों में भारी उत्साह दिखा। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अजय बंजारे के नेतृत्व में जिला विधिक सलाहकर धीरज सिन्हा, युवा सेना जिलाध्यक्ष नीरज साहू, शहर अध्यक्ष अमित शर्मा, अभिषेक शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष बादल बंजारे, दुर्गेश गुप्ता, युवा सेना जिलाउपाध्यक्ष राजू साहू, विजय प्रधान, मीडिया प्रभारी बिट्टू ठाकुर, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, राजेंद्र बाघ, ओम प्रकाश साहू, तुकाराम साहू, टिकेश्वर टण्डन, किशोर साहू, गिरधारी देवांगन, पप्पू बंजारे, रमेश जगत आदि शिवसैनिकों की उपस्थिति में हुआ।

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से नगर के पार्षद युवराज ने लिया आशीर्वाद



**सरायपाली।** गुरु पूर्णिमा पर सरायपाली नगर पालिका के पार्षद युवराज गोस्वामी ने मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम पहुंचकर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण के लिए विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान युवराज गोस्वामी ने देश-विदेश में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से आत्मीय मुलाकात भी की। इस मुलाकात को यादगार बनाते हुए युवराज ने अपने दाहिने हाथ पर पंडित शास्त्री का चित्र अंकित करवाया है, जिसे देखकर पंडित भावविभोर हो उठे और उन्हें गले लगाकर आशीर्वाद दिया। युवराज गोस्वामी ने चर्चा के दौरान बताया कि यह मेरे जीवन का सौभाग्य है कि गुरु पूर्णिमा जैसे शुभ दिन पर मुझे बागेश्वर धाम बुलावा आया और भगवान बालाजी के दर्शन का अवसर मिला। पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हजारों श्रद्धालुओं के बीच आत्मीयता से हुई भेंट मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण है। बागेश्वर धाम में युवराज की इस उपस्थिति ने न सिर्फ धार्मिक श्रद्धा को दर्शाया, बल्कि युवा नेतृत्व के भीतर अध्यात्म और संस्कृति के प्रति गहराई से जुड़ाव को भी उजागर किया है।

# पानी टंकी, सामुदायिक भवन एवं रविदास गार्डन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नयापारा स्थित अटल आवास पानी टंकी, सामुदायिक भवन, संत रविदास गार्डन का नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे के साथ निरीक्षण कर निर्देश दिया। इस दौरान साथ में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पार्षदगण सीता डोंडेकर, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, माखन पटेल, भाजपा नेता हनीष बग्गा, गौरव राठी भी थे।

सोरिद मार्ग स्थित रोड वार्ड नं. 6 के दोनों तरफ कच्चे नाली को देखा गया। जिसमें बड़ी नाली सीसी बनाने की जरूरत है। लगभग 200 मीटर लम्बी और 2 मीटर चैड़ी बनाना आवश्यक है। क्योंकि, पूरे नर्सरी किनारे से पानी की निकासी उस कच्चे नाली से होती है। इसी तरह अटल आवास का निरीक्षण किया गया देखा गया कि अटल आवास के अंदर गलियों में कचरा भरा हुआ है, बदबू आ रही थी। सीएमओ सलामे को निर्देशित किया गया कि अटल आवास की पूरी तरह सफाई कराई जाए। साथ ही अटल आवास परिसर के खाली जगह में गार्डन या ओपन जीम लगाने कहा गया। राठी ने अटल आवास में निवासरत परिवारों से भी निवेदन किया है कि गंदगी न फैलाये आप लोगों द्वारा फैलायी हुई गंदगी की सफाई पालिका करा रही है। आसपास की सफाई रखने का काम आप लागों का है। इसी दौरान अटल आवास की महिला ने आवेदन दिया कि सेप्टिक टैंक भर गया है उसकी सफाई करायी जाए। पश्चात नयापारा पानी टंकी को देखा गया। लगभग 5-6 सालों से टंकी की सफाई नही हुई है। टंकी के चारों तरफ बड़े बड़े घास उग आए है, पानी टंकी के कर्मचारी को एक सप्ताह के अंदर सफाई करने कहा गया तथा सीएमओ सलामे को भी निर्देशित किया गया कि पानी टंकी की सफाई अत्यंत जरूरी है यही नहीं शहर की सभी टंकियों की सफाई करायी जाए। जनता के जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। इसी टंकियों का पानी शहर की जनता पीने में उपयोग करती है इसमें कोताही न बरती जाए।



राठी ने सीएमओ से यह भी कहा कि नयापारा का यह सामुदायिक भवन लगभग 7-8 वर्षों से बंद है। पहले इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगा हुआ था। अब केवल डस्टबिन भरे हुये है, इसकी सफाई कराकर इसे उपयोग में लेवें। ज्यादा हो तो नयपारा क्षेत्र के लिए नगर पालिका से संबंधित कार्यो का निष्पादन इस सामुदायिक भवन से कराया जावे जैसे कि संपत्ति कर, नल शुल्क की वसूली वगैरह जन्म-मृत्यु आवेदन कलेक्शन, राशन कार्ड, पेंशन संबंधी कार्य कराया जाए। भवन को उपयोगी बनाए। बिना रख रखाव के जर्जर होते जा रहा है।

भवन की देखरेख आवश्यक है। सीएमओ के साथ संत रविदास गार्डन का भी निरीक्षण किया गया। गार्डन के अन्दर जमीन की पाइप लाइन खराब सड़ चुकी है। लाइट व्यवस्था भी चरमराई हुई है। संत रविदास की मूर्ति का रंग रोगन भी आवश्यक हो गया है। नयापारा वासियों के लिए मात्र 1 गार्डन है, जिसमें सभी आवश्यक कमी को शीघ्र पूरा करने सीएमओ को कहा गया। जितने सभी का अभी निरीक्षण किया गया वे सभी कामों को तत्काल कराने राठी ने अधिकारी से कहा।



### संभागीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए कान्वेंट स्कूल की छात्रा फैजिया-अलसना का हुआ चयन

**सरायपाली।** स्थानीय केजी कान्वेंट स्कूल के दो छात्रों का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि स्थानीय केजी कान्वेंट स्कूल के छात्रों का चयन ब्लाक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता से जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ था। पिथौरा में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सरायपाली के स्थानीय केजी कान्वेंट स्कूल के दो छात्रों का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसमें फैजिया फातिमा कक्षा 12वीं, अलसना फातिमा कक्षा 9वीं शामिल है। शाला के प्राचार्य संजय सतपथी एवं शाला के प्रधान पाठक सुभाष चंद्र प्रधान ने दोनों छात्रों को संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में चयन पर हर्ष जताया है।



### जय हिंद कॉलेज में भगवान शिव की हुई पूजा

**महासमुंद।** सावन के प्रथम सोमवार को जय हिंद महाविद्यालय के छात्राध्यापक एवं शिक्षकों के साथ मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में शिव पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने भगवान शिव का विधिपूर्वक जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं भजन -कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस धार्मिक आयोजन से महाविद्यालय परिवार में एकता, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार हुआ।

# अंतर जिला धान चोर गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार

- सेमरा के किसान का 60 कट्टा धान व ट्रैक्टर की बैटरी की हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

कुरूद पुलिस की तत्परता से अंतर जिला धान चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। चार आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। चोरी का पिकअप वाहन व 40 कट्टा धान बरामद कर बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार 11 जुलाई की शाम 6 बजे से 12 जुलाई की सुबह 5:30 बजे ग्राम सेमरा बी थाना कुरूद निवासी महेश्वर कुमार साहू पिता स्व. जेठूराम साहू उम्र 41 वर्ष के गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा 60 कट्टा धान (कीमत 70000 रूपये) एवं एक ट्रैक्टर बैटरी (कीमत 3000 रूपये) चोरी कर ली गई थी। मौके पर जांच के दौरान 20 कट्टा धान झुरानवागांव-सेमरा रोड पर मिला तथा चारपहिया वाहन के टायरों के निशान भी पाये गए।

पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम झुरानवागांव के समीप एक पिकअप वाहन में रखे धान व चार संदेहियों को हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ पर इन सभी ने न केवल उक्त घटना, बल्कि पूर्व में एक अन्य संगठित चोरी की वारदात को भी स्वीकार किया।

चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस एवं संगठित अपराध की धारा 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी के उपरांत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

### पूर्व में भी चोरी की घटना को दे चुका है अंजाम

पुलिस ने पूर्व की चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि 25 जून 2025 की रात्रि में इसी गिरोह ने पिकअप वाहन सीजी 04 एलके 7041 से ग्राम सिवनीखुर्द के एक गोदाम का ताला तोड़कर 65 कट्टा धान, 05 बंडल छड़, ट्रैक्टर की बैटरी, टूल बाक्स, जैक, दतारी पाइप और डीजल चोरी कर उसे बेचकर आपस में रकम बांट ली थी। 11 जुलाई की रात इन्हीं आरोपियों ने पुनः एकत्र होकर ग्राम सेमरा बी के गोदाम से 60 कट्टा धान व ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की। वाहन में अधिक लोड होने के कारण 20 कट्टा धान रास्ते में फेंक दिए गए, जबकि शेष 40 कट्टा धान और पिकअप वाहन को कुरूद पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।



### सभी आरोपी गोबरा नयापारा थाना क्षेत्र के


इस घटना में गोपाल नेताम पिता सुखदेव नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे नयापारा। सोहन लाल देवार पिता मोहन लाल उम्र 27 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी, नगर पालिका के पीछे नयापारा, चंद्रा लाल निषाद उर्फ सुखदेव नेताम पिता श्याम लाल उर्फ जेवू निषाद उम्र 48 वर्ष निवासी हरदेवलाल चौक धनेली रायपुर हाल पता कुर्रा, दीपक कुमार देवार पिता स्व. रूस्तम देवार उम्र-25 वर्ष निवासी देवारपारा सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे गोबरा नयापारा शामिल रहे। उक्त सभी आरोपी थाना गोबरा नयापारा, जिला रायपुर (छग) के हैं।

*प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 15 से:* धमतरी। प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड की गई है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसिलिंग 15 से 18 जुलाई तक राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

## वन विभाग ने कुएं में गिरे सियार का किया रेस्क्यू



**धमतरी।** वनांचल ग्राम घटुला के पास एक कुएं में गिरे सियार का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। सीतानंदी उदंती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि ग्राम घटुला के पास करणसिंह के खेत में स्थित सूखे कुएं में एक सियार गिर गया था। वन विभाग की टीम ने सियार का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा।







**खबर संक्षेप**



## दिलीप को मिला मोटराईज्ड ट्रायसायकल

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में 08 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम तोषगांव निवासी दिलीप प्रधान ने समाधान शिविर में मोटराईज्ड ट्रायसायकल की मांग की थी। दिलीप प्रधान के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विकासखंड सरायपाली द्वारा आवश्यक दस्तावेज जनपद पंचायत में जमा करने के निर्देश दिए गए थे। आवेदक द्वारा निर्धारित दस्तावेज जमा करने के पश्चात सोमवार 14 जुलाई को समाज कल्याण विभाग महासमुंद द्वारा उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदाय की गई। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने दिलीप प्रधान को ट्रायसायकल की चाबी सौंपी। ट्रायसायकल प्राप्त कर प्रधान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## हरेली पर्व 24 को

**महासमुंद।** जुलाई-अगस्त में कई महत्वपूर्ण त्यौहार मनाए जाएंगे। श्रीसत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई गुरुवार को हरेली, 9 अगस्त शनिवार को स्नानदान पूर्णिमा, 12 अगस्त मंगलवार बहुला चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

### मनमानी : हितग्राहियों को चावल नहीं मिलने से दुकानों से ले रहे राशन

# कायतपाली में राशन वितरण को लेकर लापरवाही से पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम पंचायत कायतपाली में उचित मूल्य कि दुकान पर चावल व अन्य राशन समान के वितरण को लेकर भारी लापरवाही हो रही है। प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना के तहत मुफ्त में चावल दिया जा रहा है। परंतु ठीक इसके विपरीत सेल्समैन व प्रभारी व्यवस्थापक खेदूराम निषाद की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अभी तीन माह का चावल वितरण को सरकार का आदेश है। परंतु, यहां के सेल्समैन बसंत दीप समय पर चावल वितरण नहीं कर रहा है। और अभी तक पंचायत के बहुत से लोगों को चावल नहीं मिला है। 5-6 दिनों से सेल्समैन आज-कल चावल वितरण की बात कहकर टाल रहा है। इस बात को लेकर खेदूराम निषाद से भी बात की गयी तो वह भी आज-कल देंगे कहकर टाल रहा है। कायतपाली के ग्रामीणों ने उपरोक्त उच्च अधिकारी को राशन वितरण लापरवाही को लेकर शिकायत की बात को लेकर प्रभारी व्यवस्थापक ने कहा कि जाओ जहां भी शिकायत कर लो। राशन वितरण के अनियमितता को लेकर मौके पर पहुंच कर पत्रकार कल्याण संघ के सदस्य दीपक जगत ने फोन के माध्यम से बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल को बताया। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ पत्रकार कल्याण संघ प्रदेशाध्यक्ष को भी फोन से जानकारी दी। इस उचित मुल्य की दुकान में राशन वितरण के लापरवाही को लेकर प्रदेशाध्क्ष ने तुरंत खेदूराम निषाद को फोन किया। परंतु जानबूझकर फोन नहीं उठाया। खाद्य विभाग अधिकारी को भी फोन पर जानकारी देने के लिए संपर्क किया गया। परंतु उनका फोन बंद बताया गया। कायतपाली के उचित मूल्य की दुकान पर शक्कर 20 रुपए किलो मिलता है और चावल समय पर मिलता नहीं। इस उचित मूल्य दुकान के अंतर्गत लमकसा, कलसा, पिपलीपाली,कायतपाली चार आश्रित गांव है। चावल वितरण को लेकर कायतपाली के बिसंबर जगत व दोषित सिदार सेल्समैन के घर गये तो वह नशे की हालत में घर पर सोया पाया गया। अभी भी चावल वितरण नहीं होने से अनेक घरों के लोगों को किराना दुकान से राशन खरीदना पड़ रहा है।

लमकसा के फागुलाल बाग ने बताया कि मैं 7-8 दिनों से चावल के लिए घूम रहा हूं, पर आज कल आना कह कर टाल रहे हैं। एक तरफ सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज वितरण कर रही है। दूसरी तरफ सेल्समैन बसंत दीप और प्रभारी व्यवस्थापक खेदूराम निषाद की लापरवाही व मनमानी के चलते लोगों को भूखे पेट सोना पड़ रहा है तथा चावल बाहर दुकान से खरीदने पर मजबूर हैं, ऐसे लापरवाह व्यवस्थापक व सेल्समैन के उपर कार्रवाई होनी चाहिए।




## काव्यांश युवा सृजन सम्मान से निखिलकांत हुए सम्मानित

**महासमुंद।** काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के पंद्रहवें स्थापना दिवस के पूर्व संध्या में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल, विशेष अतिथि प्रलय थिटे, एस चंद्रसेन एवं डा साधना कसार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पावन स्तुति मां भगवती सुर भारती, राग बसंत से किया गया। जिसमें मुख्य स्वर रश्मि मानिकपुरी, खिलेश्वरी साहू एवं दुर्गा साहू का था। स्वागत भाषण संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने किया। पश्चात काव्यांश गौरव गान स्वाति बाला जगत ने आचार्य बीआर साहू के संगीत निर्देशन एवं भागवत जगत भूमिल की शब्द रचना को गौड़ सारंग राग में प्रस्तुत किया। विदुषी गायिका दिनेश्वरी नंद ने शास्त्रीय राग आधारित गायन कर मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष अतिथि के आसन्दी से बोलते हुए प्रलय थिटे ने काव्यांश को एक अद्वितीय संस्था कहीं। वही डा साधना कसार ने साहित्य की टकसाल की उपमा दी। जबकि, एस चंद्रसेन ने आर्थिक सहयोग पर बल दिया और कहा कि हमें शासन के ऊपर आश्रित न रह कर आत्म निर्भर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि निखिल मनोजकांत साहू ने कहा कि काव्यांश एक अद्भुत संस्था है, इसके उद्देश्य और कार्य अनुकरणीय है। मैं इस संस्था के प्रारंभिक आवश्यकताओं को अतिशीघ्र पूरा करूंगा। जिसमें महिलाओं के लिए प्रसाधन तथा पेवर ब्लाक अतिशीघ्र लगाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान द्वारा निखिल मनोजकांत साहू को वर्ष 2025 का काव्यांश युवा सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, जय पटेल पथिक, डी.बसंत साव साहिल, आचार्य बीआर साहू, किसन लाल साहू, वृन्दावन लाल पटेल, द्रौपदी साहू सरसिज, ज्योत्सना कन्नौजे ज्योति, अंजू सोनछत्र, दिनेश चंद्राकर चारुमित्र, मुरली पटेल, नाना साहेब मानिकपुरी, रत्नेश साहू, स्वाति बाला जगत, रश्मि मानिकपुरी, दिनेश्वरी नंद, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश चंद्राकर चारुमित्र ने किया।

## नांदगांव स्कूल में शिक्षा मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में अंगना में शिक्षा मेला कार्यक्रम का द्वितीय सत्र का शुभारंभ संस्था की संस्था प्रमुख शीलाचंद्राकर द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा एक और दो पढ़ने वाले बच्चों के माताओं बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही स्कूल प्रांगण में बच्चों के शारीरिक विकास बौद्धिक मानसिक तथा भाषायी क्षमता से संबंधित विभिन्न प्रकार की खेलकूद का आयोजन किया गया और सभी माता को अपने बच्चों को घर में खेल-खेल में कैसे गतिविधि कराना है बताया गया। उपस्थित सभी माताओं में से एक उमा पटेल का चयन स्मार्ट माता के रूप में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकेश्वरी निर्मला, किरण भारती, प्रियदर्शनी, उमा, कौशल्या, आरती युगमपरमार, राजकुमारी, कामिनी रामेश्वरी, बिंदु बाई पटेल गीतू धीवर,मनीषा, चंद्रिका ,चंद्रकली, जमुना तथा शिक्षकगण अजय कुमार बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखनलाल चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, विनेश कुमार पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## भक्तों ने शिवलिंग में बेल पत्र अर्पित कर किया जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में शिवलिंग को फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने सुबह से ही शिवलिंग में जलाभिषेक किया। हर हर महादेव, बोल बम से क्षेत्र गूंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का सुबह से ही बेलपत्र तोड़ने में जुटे रहे। वहीं औद्योगिक क्षेत्र स्थित मौली मंदिर में शिव लिंग की पूजा अर्चना देर शाम तक चलता रहा। वहीं समिति के सदस्यों द्वारा जाप के साथ भोले का गुनगान के बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। बरबसपुर रोड़ स्थित गोपेश्वर नाथ मंदिर, बड़े तालाब, छोटे तालाब व जय सतनाम पारा, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, हॉस्पिटल के पास शिव लिंग में पूजा अर्चना के लिए भक्तों ने घर से थाली सजाकर पूजा अर्चना व बेल पत्र अर्पित किया। जल अभिषेक, गंगाजल, दूध अभिषेक व पंचामृत अभिषेक कर ओम नमः शिवाय का जाप किया। राम जानकी मंदिर में भक्तों ने शिवलिंग को गंगाजल से अभिषेक कर, चंदन और फूलों से शिवलिंग का श्रृंगार किया। चंडी मंदिर स्थित चंडिकेश्वर महादेव में रुद्राभिषेक, जल अभिषेक व महामृत्युंजय जाप कर विशेष पूजा अर्चना की गई। व्रतधारी श्रद्धालुओं ने शाम को जाप के लिए मंदिर पहुंच कर भोले के जयकारे लगाए। भक्तिमय वातावरण के साथ श्रद्धालुओं में उत्सव रही।



## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के अधिकारी-कर्मचारी दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के अधिकारी-कर्मचारी 16 जुलाई से दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे। जिसमें प्रथम दिवस 16 जुलाई को कलेक्टोरेट का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। छत्तीसगढ़ में विगत 15 से 20 वर्ष से संविदा के मार झेल रहे अधिकारी कर्मचारी जो कि 100 बार से ज्यादा शासन, प्रशासन जनप्रतिनिधियों को आवेदन निवेदन करते आ रहे है। कई बार हड़ताल भी किए, खाली आश्वासन मिला। लेकिन, आज तक झुनझुना पकड़ा दिया जा रहा था। मोदी सरकार की गारंटी के तहत नियमितीकरण का वायदा भी किया गया था।। इसी कड़ी में 17 जुलाई को विधानसभा का घेराव प्रस्तावित है। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में 16 हजार से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लेंगे। जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहेगी। इस आंदोलन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त अधिकारी कर्मचारी रहेंगे। ये सभी शासन द्वारा जायज मांग को लेकर हड़ताल पर जा रहे है, जो भी बहुत पुरानी मांग है। शासन को इस पर विचार करना चाहिए और विधानसभा सत्र के पहले खुशखबरी देना चाहिए, जिससे 16 हजार परिवार अंतिम समय तक शासन के आभारी रहेंगे। कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, डॉ आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ बी माहेश्वरी सयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक महासमुंद को ज्ञापन सौपा गया। इसी कड़ी में आज पूरे छत्तीसगढ़ में सभी अधिकारी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।।उक्त जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।



## नवकिरण में प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है। जारी विज्ञप्ति में डी बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (एडीआई) की परीक्षा, जो कि 12 जुलाई 2025 को संपन्न हुई, उसमें नवकिरण अकादमी द्वारा आयोजित साप्ताहिक टेस्ट एवं मेगा टेस्ट सीरीज का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक परीक्षा में पूछे गए अधिकांश प्रश्न नवकिरण अकादमी में हुए साप्ताहिक टेस्ट एवं मेगा टेस्ट से पूछे गए थे। छत्तीसगढ़ के विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ अध्ययन के प्रश्न जनजातीय विवाह पद्धति एवं उनके अर्थों के संबंध, छत्तीसगढ़ के पहाड़ी एवं उनकी ऊंचाई, कलचुरी शासन व्यवस्था के ग्रामों का मुखिया, गणित एवं हिंदी के विषय विशेषज्ञ सौरभ जैन, हरिशंकर पटेल द्वारा पढ़ाए गए प्रश्न पूछे गए थे। साव ने आगे बताया कि वर्तमान में नवकिरण अकादमी में एक पाली में मॉर्निंग बैच में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, प्रयोगशाला परिचारक की क्लास सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है। साथ ही प्रयोगशाला परिचारक 2025 परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नवकिरण अकादमी में टेस्ट सीरीज का आयोजन भी प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है। इससे संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## महाविद्यालय में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह महाविद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को इंटर्नशिप पूर्ण करने पर प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुदत्त यदु ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी किसड़ी उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सब्या पटेल संयोजक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ उपस्थित रही। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएन सिदार ने बताया कि एमए द्वितीय सेमेस्टर भूगोल के विद्यार्थियों ने गुरुदत्त यदु ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी किसड़ी के मार्गदर्शन में शासकीय संजय निकुंज रोपण किसडी में 30 घंटे का इंटर्नशीप पूर्ण किया। इन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इंटर्नशिप के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की इंटर्नशिप से विद्यार्थियों में कार्यकुशलता और आत्मविश्वास का विकास होता है। ग्राफ्टिंग और बडिग के माध्यम से छात्र नर्सरी, खेती, स्टार्टअप और स्वरोजगार में अपना भविष्य बना सकते हैं। इस तरह की तकनीकी जानकारी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सब्या पटेल ने बताया कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्राफ्टिंग (कलम विधि) एवं बडिग (अंकुर विधि) में विद्यार्थियों को फलदार एवं फूलदार पौधों की उन्नत प्रजातियाँ तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी सीखी, जो प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ संध्या भोई ने कहा कि इस तरह के कौशल आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को अकादमिक के साथ-साथ प्रायोगिक दक्षता प्रदान करते हैं, जो उन्हें नौकरी एवं स्वरोजगार दोनों के लिए तैयार करते हैं। अंत में गुरुदत्त यदु को मोमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विभाग के अन्य प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र सुशांत पटेल एवं आभार प्रदर्शन मनीषा स्वाई ने किया।





## मामाभांचा में महिलाओं ने किया पौधारोपण

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा के महिलाओं ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। महिलाओं की टीम ने मंदिर परिसर, बस स्टैंड, पशु चिकित्सालय परिसर में कदम, आंवला, आम, नीम आदि प्रजाति के पौधरोपण किया। आगामी दिनों में तालाब के आसपास पौधरोपण कर उनके देखभाल की बात कही। इस दौरान मुख्य रूप से तारिणी गोस्वामी, समीक्षा जैन, विजय लक्ष्मी साहू, रोहिनी साहू, कांति साहू, पानबाई साहू, दामिनी साहू आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने की महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना का प्रथम सोमवार को महिलाओं ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना की गई। मोनिका चंद्राकर ने कहा कि सावन महीना में भक्तों के लिए 4 सोमवार महत्वपूर्ण होते हैं। सोमवार के दिन महिलाओं ने भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना करते हैं और सभी कष्ट दूर होते हैं। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती हैं।

### प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी कैसे होगा

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बिगड़ी कानून व्यवस्था पर कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा। छत्तीसगढ़ के आरंग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12 जुलाई 2025 को बेमेतरा जिले में अचानक पत्थरबाज़ी की गई, सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक है। विष्णुदेव साय के सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपाट में मस्त, वित्त मंत्री ओपी चौधरी तमनार (रायगढ़) में मस्त और गृह मंत्री विजय शर्मा बस्तर में मस्त हैं। भाजपा के सभी मंत्री छत्तीसगढ़ को अडानी के हवाले करने में लगे हुए हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।



### पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक आज

**महासमुंद।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों एवं आपत्तियां वाले पेंशन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यालय से संबंधित पेंशन प्रकरण जिसमे संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा दस्तावेजों की कमियों के कारण (रेगुलर केस/रिवाइज्ड केस) आपत्ति लगाए गए है। उन प्रकरणों में नियमानुसार आपत्ति, दस्तावेजों की कमियों को पूर्ति कर प्रकरण पुनः प्रेषित करें। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन भुगतान आदेश जारी किये जा चुके है। किन्तु, विभागीय जानकारी के अभाव में पेंशन प्रकरण कोषालय स्तर पर लंबित है उक्त प्रकरणों में जानकारी पूर्ण कर पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी दो माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण यथाशीघ्र तैयार कर शासन के मंशानुरूप संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को प्रेषित किए जाने कहा गया है। समय सीमा बैठक में उक्त पेशन प्रकरणां की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी वस्तु स्थिति की जानकारी मंगलवार 15 जुलाई तक जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## तैयारी बैठक : 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस, बैठक में हुआ निर्णय

# सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भीखम को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव को आदिवासी समाजजनों द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें जिलेभर से समाज के साथ-साथ क्षेत्र के समाज सेवी, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय नेता एवं मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जाता है। मनोरंजन के लिए अन्य क्षेत्रों से पहुंचे समाज के कलाकारों को आमंत्रित कर विभिन्न कला एवं पारंपरिक वेषभूषा में सुसज्जित कलाकारों द्वारा गायन, वादन एवं नर्तक दलों द्वारा नृत्य एवं झांकियां प्रस्तुत की जाती है। कार्यक्रम की भव्यता एवं सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही आयोजन समिति की बैठकें एवं तैयारियां पूर्व से ही शुरू की जाती है।

बागबाहरा विश्राम गृह में सर्व आदिवासी समाज जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें मुख्य विषय आगामी 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जारी प्रेस विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने बताया कि वर्तमान समय में महासमुंद जिले व प्रदेश में बाहरी दमनकारी शक्तियों के दखल के कारण समाज दो संगठन में बंट गया था, जो आज दोनों संगठनों के समाजजनों की उपस्थिति में हुई बैठक में आपसी सामंजस्य स्थापित कर विलय हुआ तथा जिले के प्रतिनिधित्व व संचालन के लिए पुनःजिलाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जहां सर्व सम्मति से उपस्थित समाजजनों द्वारा पुनः भीखम सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद एवं थानसिंह दीवान को कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने दोनों महानुभावों को अक्षत एवं पीले चावल से टीका लगाकर खुशी जाहिर की। दोनों संगठनों के विलय की खबर सुनकर क्षेत्र के समस्त सर्व आदिवासी समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। कहा जा रहा है कि अलगाव से समाज में पड़ रहे कुप्रभाव को दूर करने की जो परिकल्पना की जा रही थी, आज वह अंततः समाज के प्रबुद्धजनों की पहल से सफल हुई।

### समाज बड़ा, समाज ही सर्वोपरिः थानसिंह

वहीं थानसिंह दीवान ने उपस्थित समाजजनों द्वारा उन्हें दिए गए नए दायित्व के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज बड़ा है, समाज ही सर्वोपरि है। पहले समाज फिर बाद में कोई संगठन या राजनैतिक दल। पूरी कर्तव्यनिष्ठता के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधियों में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने की बात कही।



### सबके सहयोग से करेंगे कार्यः भीखम

इस मौके पर जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर कहा कि समाजजनों द्वारा सर्व सम्मति से पुनः जो दायित्व सौंपा गया है उसे मैं पूर्व की भांति सत्यनिष्ठा एवं पूरी ईमानदारी से सबका साथ और सहयोग से निश्चित रुप से अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध हूं तथा सदैव समाज के विकास और उत्थान में निरंतर अपने सेवा कार्य जारी रखूंगा। ज्ञात हो कि वर्तमान में भीखम सिंह ठाकुर समाज सेवा के साथ ही जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं।

### बैठक में जुटे समाजजन

बैठक में जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष थानसिंह दीवान, जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद मनराखन ठाकुर सहित जिलेभर के समाज प्रमुख, वरिष्ठ समाज सेवी, जिले एवं ब्लॉक पदाधिकारीगण, राज एवं सर्कल अध्यक्षगण, शासकीय अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारीगण, महिला एवं युवा प्रभाग के समस्त पदाधिकारीगण सहित अधिक संख्या में सामाजिक कार्यकर्तागण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जिले में एक ही संगठन, तीन वर्ष को होगा कार्यकाल

बताया गया कि आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात पुनः नए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बताया गया कि चाहे किसी भी प्रकार का सामाजिक कार्यक्रम हो, शुरू से जिस तिथि में जहां प्रायोजित हो निश्चित ही उन्हीं स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज से सर्व आदिवासी समाज जिले में केवल एक है तथा सभी सामाजिक कार्यों में एकता और अखंडता प्रदर्शित होगी। समाज द्वारा किसी भी प्रकार के धरना, आंदोलन समाज के हक अधिकार की लड़ाई तथा सामाजिक कार्यक्रम एक ही बैनर तले किया जाएगा। सामाजिक एकीकरण और संगठन को मजबूत कर आगे सभी कामों को मिलकर करने की बात कही गई। सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के पंजीयन क्रमांक 4230 संगठन को महासमुंद जिले में इसकी सक्रियता को सिरे से खारिज किया गया तथा भविष्य में सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद में किसी भी अन्य पंजीकृत सामाजिक संस्था को समाज द्वारा स्वीकार और समर्थन नहीं करने की बात कही गई, जिसे उक्त बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने स्वीकार करते हुए अपनी सहमति जताई व आगामी 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के आयोजन को बड़े ही भव्य और धूम धाम से मनाने में पूर्ण तैयारी में सहयोग प्रदान करने व अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ (एनएचएम) द्वारा महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है।



ज्ञापन में मुख्य मांग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27% वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत जैसी प्रमुख बिंदु शामिल है। सांसद ने सभी मांगों को जायज बताते हुए उनके द्वारा कहा गया कि उक्त विषय पर अनुमोदन पत्र माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी को प्रेषित किया जाएगा। संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले।

# सुखीपाली जंगल में ट्रैक्टर से लकड़ी परिवहन करते पिता-पुत्र को विभाग ने किया गिरफ्तार

**पिथौरा (ग्रामीण)।** वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में की गई, जिसमें सुखीपाली बीट के कक्ष क्रमांक 237 से महेंद्र ट्रैक्टर (बिना नंबर) द्वारा कच्चा जलाऊ लकड़ी जिसमें साजा, धावड़ा, रोहिणा एवं भिर्रा प्रजाति की मिश्रित लकड़ियों का अवैध परिवहन किया जा रहा था। गश्ती दल ने मौके से ट्रैक्टर सहित लगभग दो चट्टा लकड़ी जब्त की। इस मामले में ग्राम बरेकेल निवासी ट्रैक्टर मालिक दिलीप सिंह ठाकुर (56 वर्ष) और उसका पुत्र चालक चूड़ामणि ठाकुर (22 वर्ष) को हिरासत में लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(च), 52(ए) तथा



परिवहन अधिनियम की धारा 41 के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है। घटनास्थल की जांच के दौरान कक्ष क्रमांक 237 में 46 नग ताजे ठूंठ पाए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि हाल ही में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की गई है। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी के साथ वनपाल जयसिंह भोसले, वनरक्षक वीरेंद्र बंजारे भिथीडीह, शुभम तिवारी राजाडेरा, राकेश ध्रुव पश्चिम अरंड तथा सुरक्षा श्रमिक कमल साहू एवं सुधीर रवि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### निर्माणाधीन पानी टंकी का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

महासमुंद। अयोध्या नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे गार्डन में निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टंकी निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# काव्य संग्रह, लेख से समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं साहित्यकार : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान

- काव्यांश के स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित साहित्यिक स्नेह सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता भागवत जगत भूमिल ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे, एस. चंद्रसेन, डा. साधना कसार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रसिद्ध कवयित्री द्रोपती साहू सरसीज द्वारा रचित पुस्तक दस्तक नपाध्यक्ष को भेंट किया गया। साथ ही संस्थान द्वारा नपाध्यक्ष को काव्यांश युवा सृजन सम्मान-2025 के तहत मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि साहित्यकार राष्ट्र निर्माण के शिल्पी होते हैं, वह अपने साहित्यिक ओज से राष्ट्र को प्रकाशित कर सकते हैं। यह आयोजन साहित्य की शक्ति और रचनात्मकता को प्रेरित करने का बेहतर माध्यम है। काव्यांश कला पथक संस्थान साहित्यकारों के लिए बेहतर मंच साबित हो रहा है। साहित्यकार अपने काव्य संग्रह, लेख के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण काव्यांश साहित्य एवं कलापथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने दिया तथा आभार प्रदर्शन उमेश भारती गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव जयराम पटेल, कोषाध्यक्ष डी. बसंत साव, सुरेंद्र मानिकपुरी, बीआर साहू सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# जिले में 3 नए 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य के लिए 813 लाख रुपए किए गए स्वीकृत

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड में कुल 03 छात्रावास (100 सीटर) भवन निर्माण के लिए कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विनय कुमार लंगेह ने 813 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक भवन की लागत 271 लाख रुपए स्वीकृत किया गया हैं। इनमें छात्रावास डोंगरपाली, मुड़पार एवं करमापटपर शामिल है। उक्त छात्रावास क्रमशः बालक पूर्व माध्यमिक शाला कमरौद, पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा एवं पूर्व माध्यमिक शाला लमकेनी से संबद्ध होगा। प्रथम किस्त के रूप में 40 प्रतिशत की राशि तीन करोड़ 25 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग महासमुंद को निर्माण कार्य हेतु प्रदान की गई है।

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विनय कुमार लंगेह ने छात्रावास भवन निर्माण के लिए राज्य स्तर से प्रदत्त मानक प्राक्कलन, ड्राइंग व डिजाइन के अनुसार स्थल की स्थिति के अनुरूप विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिए है। निर्माण कार्य में भवन, आंतरिक-बाह्य विद्युतीकरण, शौचालय, वर्षा जल संरक्षण, बाउंड्रीवाल, एप्रोच रोड, वर्क चार्ज कंटिजेंसी व एस्केलेशन शामिल रहेंगे। तड़ित चालक लगाना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा हर माह की 10 तारीख तक कार्य प्रगति रिपोर्ट जिला परियोजना कार्यालय को भेजने निर्देशित किया है। कार्यादेश जारी होने के बाद 9 माह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाना अनिवार्य होगा।

# युवा बेरोजगारों का भविष्य खराब करने में लगी भाजपा सरकारः अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि पहले भाजपा परीक्षा में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में गड़बड़ी कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाती थी। और बात बात पर सीबीआई जांच की मांग भी करती थी, उस समय के प्रदेश महामंत्री व वर्तमान सरकार में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छात्र-छात्राओं की बहुत चिंता करते हुए जीरो टॉलरेंस की बात करते हुए छात्रों के भविष्य को लेकर और उनकी नौकरी को लेकर बड़ी-बड़ी बात करते थे और आज वो भाजपा सरकार में परीक्षा में गड़बड़ी पकड़ाने के बाद से गायब हैं। अंकित ने बताया कि व्यापमं द्वारा सहायक इंजीनियर के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें कुल 40 सेंटर में लगभग 14000 बच्चों ने भाग लिया। इसी एक सेंटर में एनएसयूआई द्वारा पहले बाहर ऑटो में एक लड़की को लैपटॉप, वॉकीटॉकी, पैड के साथ पकड़ा। फिर अंदर एक लड़की कैमरे के साथ पकड़ाई, दोनों मुख्यमंत्री के जिले से है। अंकित ने कहा कि ये छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार का सुशासन है, अभी मैनपाट के सैर सपाटे में प्रशिक्षक ने कहा था, भ्रष्टाचार मत करना और वर्तमान भाजपा सरकार जब से आई है तब से लगातार चाकूबाजी, गोलीबारी, ऑनलाइन सट्टा, जुआ, शराब की अवैध बिक्री, रेत का अवैध कारोबार के बाद यही बचा था, जो युवाओं के भविष्य से खिड़वाल करने लग गई।



# महादेवाधाम मंदिर समिति की हुई बैठक



**नर्रा।** महादेवा धाम मंदिर समिति (कसेकेरा) की महत्वपूर्ण बैठक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुजनों की उपस्थिति में हुई। जिसमें अध्यक्ष सोमनाथ चंद्राकर, सचिव नितिन जैन ने आय व्यय एवं महादेवा धाम में कराये गये निर्माण कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। मंदिर समिति के विकास एवं आगामी कार्य योजनाओं को लेकर उपस्थितजनों से विचार आमंत्रित किया। तत्पश्चात आगामी तीन वर्षों के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष राकेश साहू (सरपंच कसेकेरा), सचिव आशीष वाकड़े (पूर्व सरपंच कोमाखान), कोषाध्यक्ष नितीन जैन कोमाखान के अलावा अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, कलाराम नायक (पूर्व जनपद सदस्य), सोमनाथ चंद्राकर (निवृतमान अध्यक्ष) आद ने संबोधित किया। इसके बाद निवृतमान अध्यक्ष एवं सचिव तथा नव मनोनित अध्यक्ष, सचिव को जनपद सदस्य -लोचन पटेल, कलाराम नायक, कपूर चंद साहू, प्यारे लाल ठाकुर, नील ठाकुर, नरेंद्र पटेल, बाला ठाकुर, गुलाब साहू एवं उपस्थितजनों ने गुलाल लगाकर एवं श्रीफ़ल प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन जैन ने किया।




आज दशगात्र

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारी पूजनीय माता जी **श्रीमती सावित्री देवी साहू** का देहावसान 10 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को हो गया है। विधि के विधान के समक्ष हम नत मस्तक हैं। अतः निम्न कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करेंगे।



श्रीमती सावित्री देवी साहू

दशगात्र कार्यक्रम
दिनांक : 15.07.2025 मंगलवार
स्थान : श्री जैनसुरी भवन, थाना पारा-बागबाहरा

शोकाकुल परिवार : रजमत, रोहिणी, अश्वनी-हेमलता, धर्मवीर-रोशनी, तामेश्वर-वेणुका, लोकेश-भूमिका, खुशी, हर्षिता, स्वपनिल, मीमांशा, नयन, नीति, गीतांशी, जान्हवी, कुलेश्वर-हरीराम, तेजबाई-श्रीराम, लता बाई-टीकाराम, नील बाई-बेनीराम (बेटी दामाद)

विनीत
मोहित-चित्ररेखा साहू, कृष्णकुमार (रजत), शैलेष-हेमेश्वरी साहू (पुत्र-पुत्र वधु), डेगेंद्र-हेमा, योगेश्वर-भावना (पौत्र-पौत्रवधु), होशांक, अविशांक (पौत्र), रूद्रेश, ईशानी (प्रपौत्र)

नोट : जिन स्नेहीजनों को शोकपत्र न मिला हो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।